कार्यालय, प्राचार्य, श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय किशनगढ़

दिनांक :– 25.02.2020

एन. सी. सी. विभाग

वार्षिक प्रतिवेदन - 2019-2020

लेफ्टि. महेंद्र कुमार वर्मा ,
सहायक आचार्य एवं,
सहायक एनसीसी अधिकारी

श्री रतनलाल **कँवरलाल** पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़ में एन.सी.सी गतिविधियाँ 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के निर्देशानुसार करवाई जाती है। महाविधालय में कुल 160 एन सी सी कैडेट्स की संख्या अधिकृत है, जिसमे 33% छात्रा कैडेट्स के लिए आरक्षित है। सत्र 2019 - 20 में प्रथम वर्ष हेतु एन.सी.सी भर्ती आरपीटीसी, किशनगढ़ के मैदान पर 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल लखविंदर सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई । । भर्ती के हेतु छात्रों के लिए सोलह सौ मीटर एवं छात्राओं के लिए बारह सौ मीटर की दौड़ आयोजित की गई । दौड़ में सफल हुए विद्यार्थियों का साक्षात्कार तथा लिखित परीक्षा ली गई । अंतिम रूप से 21 छात्रा कैडेट्स व 34 छात्र कैडेट्स का चयन किया गया।

सत्र- 2020 में महाविधालय के 32 एन सी सी कैडेट्स ने 'बी ' व 20 एन सी सी कैडेट्स ने 'सी ' प्रमाण पत्र की परीक्षा पास प्रमाण पत्र प्राप्त किये।

21.06.2019 को योग दिवस को महाविधालय परिसर में योग करवाया गया।

महाविधालय के एन सी सी कैडेट्स द्वारा दिनांक 11.12.2019 को स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया तथा स्वच्छता अभियान के तहत महाविधालय परिसर एवं महाविधालय के पास स्थित सुभाष पार्क की साफ़ सफाई की गई।

महाविधालय में 26.11.2019 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे एन सी सी कैडेट्स ने अपनी भागेदारी निभाई।

11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर परिसर में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग प्रक्षिक्षण दिया गया

।

मार्च 2020 में प्रमाण पत्र 'बी ' व अप्रैल 2020 में प्रमाण पत्र 'सी ' की परीक्षा होना प्रस्तावित है।

प्राचार्य
श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
[illegible]

एनसीसी अधिकारी